RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 77 | नागौर, 10 फरवरी, 2022 (गुरुवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# राजस्थान विधानसभा : बीजेपी ने रीट को लेकर जताया विरोध, चौंक उठा सदन

**जयपुर।**

जैसा कि उम्मीद थी कि रीट नकल मामले को लेकर राजस्थान विधानसभा में बीजेपी की ओर से हंगामा किया जाएगा, हुआ भी कुछ ऐसा ही लेकिन अंदाज थोड़ा बदला हुआ था क्यों कि राज्यपाल के अभिभाषण का दिन था। ऐसे में सीधे हंगामे के बजाया बीजेपी ने कुछ दूसरा तरीका अपनाया जिससे विरोध भी हो गया और गरिमा भी रह गई। पिछले कुछ दिनों से बीजेपी ने गहलोत सरकार पर रीट नकल मामले को लेकर जबर्दस्त घेरा हुआ हैं और एक के बाद एक नए खुलासे हो रहे है। इसी का नतीजा हैं कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष को कार्यकाल खत्म होने से पहले ही अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और रीट की लेवल टू की परीक्षा भी कैसिंल करनी पड़ी है। बीजेपी ने इसे सदन में उठाने का एलान भी किया हुआ था। आज जैसे ही विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत हुई और तो भाजपा के सदस्य बांह पर काली पट्टी बांधकर और हाथों में सीबीआई की जांच की मांग लिखी हुई लेकर तख्ती लेकर अपने अपने स्थान पर खड़े भी हो गए और पूरे अभिभाषण के दौरान खड़े रहकर अपना विरोध दर्ज कराया।



## रालोपा रही आगे, कर गई वॉकआउट

यहीं नहीं अभिभाषण के दौरान राष्टीय लोकतांत्रिक पार्टी के तीनों विधायक वेल पर आकर व्यवधान डालने लगे। रालोपा विधायक संपूर्ण रीट परीक्षा 2021 को रद्द करने, रीट प्रकरण की जांच सीबीआई से करवाने और नक़ल विरोधी सख्त क़ानून लाने की मांग कर रहे थे। रालोपा सदस्यों ने वॉक आउट कर अपना विरोध दर्ज करवाया। हालांकि इस बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा। वहीं निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने कहा, पहले पेगासस की जांच कराओ। राज्यपाल अभिभाषण के दौरान भाजपा विधायक दल ने पूरा अनुशासन बनाये रखा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने भाजपा सदस्यों को अपनी सीट पर बैठनें का अनुरोध भी किया लेकिन उधर से इसका कोई जवाब नहीं आया और विधायक चुपचाप अपने स्थान पर ही खड़े रहे। बाद में अभिभाषण खत्म हुआ और सदन की कार्यवाही थोड़ी देर के लिए स्थगित हुई तो सीएम गहलोत विपक्ष की तरफ आ गए और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सहित अन्य सदस्यों से मिले और खुशमिजाज माहौल में बात करते हुए ये भी कह दिया कि आप लोग बैठकर ही अपना विरोध दर्ज करा देते तो हम मान लेते।



**लता मंगेशकर, बिपिन रावत को सदन में दी गई श्रद्धांजलि**

**विधानसभा में लता मंगेशकर, पूर्व सीडीएस बिपिन रावत और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार के ही मुंबई में लता मंगेशकर का निधन हुआ था। लता मंगेशकर के अलावा हाल ही दिवगंत हुए विधायकों को भी सदन में श्रद्धांजलि दी गई।**

## गहलोत ने वसुंधरा से कहा- बैठकर ही तख्ती दिखा देते तो हम मान लेते, घंटेभर खड़े क्यों रहे?



विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की सदन के वेल में मुलाकात हुई। राज्यपाल के सदन से जाने के बाद गहलोत वसुंधरा राजे के पास पहुंचे। गहलोत ने वसुंधरा राजे से कहा कि आप लोग बैठे-बैठे ही ये तख्तियां दिखा देते तो हम विरोध मान लेते, घंटे भर खड़े रहने की क्या जरूरत थी? इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस और बीजेपी के विधायक भी राजे के पास खड़े थे। दोनों नेताओं ने लाइट मूड में बातचीत की और हंसी-मजाक का दौर भी चला। लंबे समय बाद सदन के भीतर यह सीन देखने को मिला। आज की यह मुलाकात सियासी हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान आज बीजेपी विधायकों ने पूरे समय खड़े रहकर रीट की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विरोध जताया था और तख्तियां लहराई थी। इससे पहले अपने अभिभाषण में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि राजस्थान कोरोना मैनेजमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदेश है। राजस्थान कोविड मैनेजमेंट में रोल मॉडल बनकर उभरा है, इस आपदा से सरकार ने बेहतर तरीके से निपटा है। किसी को भूखा नहीं सोने दिया। कोविड काल में 33 लाख परिवारों को सहायता दी। 1815 करोड़ खर्च किए।

## राज्यपाल ने कहा- आप बैठ जाएं तो अच्छा रहेगा



अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने विरोध कर रहे बीजेपी विधायकों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि आप बैठ जाएंगे तो बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि सदन चलता रहेगा, आप डटकर विरोध करें, इसमें कोई हर्ज नहीं है। राज्यपाल के आग्रह के बाद भी बीजेपी विधायकों ने विरोध जारी रखा। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में मेडिकल सुविधाएं बेहतर हुई हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर ही हर जिले में नर्सिंग कॉलेज और अच्छी ट्रैनिंग का फैसला किया है। दूसरे राज्यों के मरीज राजस्थान में इलाज कराने आते हैं। यह राजस्थान के लिए गर्व की बात है। सरकार ने बहुत से नवाचार किए हैं। सीएम चिरंजीवी स्वस्थ्य बीमा योजना शुरू की गई है। महात्मा गांधी अहिंसा शांति प्रकोष्ठ शुरू किया है। सिलिकोसिस के इलाज जांच की व्यवसथा की है। राज्यपाल ने करीब 1 घंटे 3 मिनट तक अभिभाषण पढ़ा। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान पूरे समय बीजेपी विधायक रीट की सीबीआई जांच की मांग को लेकर अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। दो बार राज्यपाल ने बीजेपी विधायकों से बैठने का आग्रह किया लेकिन विरोध जारी रखा। भाषण के बाद उपचुनाव में जीते दोनों विधायकों को सदन में स्पीकर ने विधायक पद की शपथ दिलवाई।

## 23 को आएगा राज्य का बजट

**राजस्थान का बजट 23 फरवरी को आएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सुबह 11 बजे विधानसभा में बजट पेश करेंगे। आम बजट के साथ इस बार कृषि बजट अलग से पेश किया जाएगा। बुधवार को विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में बजट सत्र का कामकाज तय हुआ। सदन में गुरुवार से 4 दिन तक राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस होगी। 15 फरवरी को शाम 5 बजे गहलोत बजट बहस का जवाब देंगे।**

## पीएम मोदी का यहां से है विशेष लगाव, त्रासदी में कांग्रेस ने खाई थी मलाई : जेपी नड्डा



नई दिल्ली।

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार जोर-शोर पर है। आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रुद्रप्रयाग पहुंचे थे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से हमले भी किए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव में लोग हर तरह से अपनी बात रखने का प्रयास करते हैं। आज चुनाव है तो नेता आएंगे और कहेंगे कि मैं ये करूंगा, मैं वो करूंगा। जनता के बीच जाते समय आप एक बात जरूर कहिए कि कभी किसी को वो क्या करेगा इसके आधार पर वोट मत दो। क्योंकि चुनाव में 4 दिन के लुभावने नारे तो सब दे देंगे। किसी को भी तय करने का आधार यह होना चाहिए कि उस नेता और उस पार्टी ने पीछे क्या किया है, वही तय करेगा कि वो आगे क्या करने वाला है। नड्डा ने कहा कि भाजपा में मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आप दम के साथ कह सकते हो कि पीछे जो हमने काम किया है, उसी के आधार पर आप हमकों काम करने का मौका दीजिए। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि भाजपा का जो भी नेता चुनाव लड़ता है, वह अपने और अपनी पार्टी के रिपोर्ट कार्ड की बात करता है। लेकिन क्या कभी आपने कांग्रेस को रिपोर्ट कार्ड रखते हुए देखा है। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले हमेशा गांव-गांव, जाति जाति का झगड़ा लगाकर, भाई भाई के बीच झगड़ा लगाकर और समाज को बांटकर वोट लेंगे, ये ही कांग्रेस का तरीका है।

## हिजाब विवाद : बेंगलुरु में लगी धारा 144, अब बड़ी बेंच में होगी सुनवाई

बेंगलुरु।

कर्नाटक में स्कूल और कॉलेजों में मुस्लिम छात्राओं के हिजाब पहनने पर जारी विवाद का हल आज भी नहीं निकल सका है। कर्नाटक हाई कोर्ट में आज लगातार दूसरे दिन इस मामले की सुनवाई हुई, लेकिन कोई फैसला नहीं आया। जस्टिस कृष्णा दीक्षित की अदालत ने इस मामले को बड़ी बेंच के समक्ष भेजने का फैसला लिया है। केस की सुनवाई कर रही बेंच ने कहा कि इस मामले को बड़ी बेंच के समक्ष भेजा जाना चाहिए। हालांकि दोनों पक्षों ने कहा कि इस मामले को भले ही ऊपर भेजा जाए, लेकिन मामले का जल्दी ही हल निकलना चाहिए। इस बीच कर्नाटक में उडुपी, शिमोगा, बेंगलुरु समेत सभी शहरों में शांति बनी रही।

बेंगलुरु प्रशासन ने छात्रों और छात्राओं से कहा है कि वे स्कूल और कॉलेज के आसपास आंदोलन नहीं कर सकते। हिजाब पहनने वाली छात्राओं का पक्ष रखने वाले वकील ने कहा कि उन्हें अपने मजहब का पालन करने दिया जाए। हिजाब पर विवाद खड़ा करके उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कर्नाटक सरकार के अटॉर्नी जनरल ने इसका विरोध करते हुए कहा कि स्कूलों और कॉलेजों को नियमों को लेकर स्वायत्ता है। उन्होंने कहा कि हर संस्थान को स्वायत्ता दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में यूनिफॉर्म को लेकर फैसला नहीं ले सकती है। छात्राओं का पक्ष रखने वाले वकील ने कहा कि जब तक हाई कोर्ट इस मसले पर निर्णय नहीं ले लेता है, तब तक के लिए उन्हें हिजाब पहनने के लिए अंतरिम राहत दी जाए। इसका विरोध करते हुए अटॉर्नी जनरल ने कहा कि हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस बीच कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु शहर में किसी भी स्कूल, कॉलेज अथवा अन्य शिक्षण संस्थान के 200 मीटर के दायरे में कोई प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। प्रशासन ने प्रदर्शनों पर रोक के लिए धारा 144 लागू की है। कर्नाटक पुलिस ने बताया कि यह फैसला अगले सप्ताह तक लागू रहेगा।



### हिजाब मामले पर लालू बोले- गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा देश, यूपी में हारने जा रही भाजपा

राजद प्रमुख लालू यादव हाल में ही पटना पहुंचे थे। पटना पहुंचने के बाद ही उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी है। सबसे पहले तो देश में फिलहाल हिजाब प्रकरण का मामला काफी तेजी से चल रहा है। अब इसकी चर्चा बिहार में भी शुरू हो गई है। इसी पर लालू यादव ने मीडिया से बात करते हुए बड़ा बयान दिया है। हिसाब मामले को लेकर जब लालू यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कोई और नहीं बल्कि भाजपा और मोदी सरकार जिम्मेदार है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर भी निशाना साधा। भाजपा पर हमला करते हुए लालू यादव ने इसे नया अंग्रेज करार दिया। उन्होंने कहा कि महंगाई पर यह लोग बात नहीं करते। गरीबी बढ़ गई है, इस पर भी यह लोग बात नहीं करते। नरेंद्र मोदी सिर्फ अपने भाषण में मंदिर-मस्जिद की ही बात करते हैं। लालू यादव ने उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर भी अपनी राय रखी। लालू यादव ने कहा कि बीजेपी की हताशा से पता चलता है कि वे यूपी चुनाव हार जाएंगे। वे केवल दंगों और मंदिरों के बारे में बात कर रहे हैं।

## कांग्रेस का उन्नति विधान, 20 लाख रोजगार का वादा, माफ होगा किसानों का कर्ज, बिजली बिल भी आधा




नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से अपना घोषणा पत्र जारी किया गया। कांग्रेस ने इससे उन्नति विधान का नाम दिया है। लखनऊ में प्रियंका गांधी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के साथ पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। यह फैसला 10 दिनों के अंदर में ही लिया जाएगा। इसके अलावा सभी का बिजली बिल भी आधा कर दिया जाएगा। 12 लाख सरकारी पदों को भरने काफी लक्ष्य रखा गया है तथा 20 लाख लोगों को रोजगार देने का भी वादा किया गया है। सरकार बनने पर 10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त रहेगा।

इसके साथ ही नौकरियों में 40 फ़ीसदी महिलाओं को आरक्षण देने की भी बात कही गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि घोषणापत्र में शामिल वायदे लोगों से बात करने के बाद ही शामिल किए गए हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान पर 3000 रुपये के मुआवजे देने की भी बात कही गई है। साथ ही साथ गो धन योजना के तहत गोबर को 2 रुपये किलो भी खरीदा जाएगा। सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने वादा किया कि 2500 रुपये गेहूं और धान की खरीदारी होगी जबकि 400 रुपये में गन्ना खरीदा जाएगा। कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक मार झेलने वाले परिवारों को 25000 रुपये भी दिए जाएंगे। जान गंवाने वाले कोविड-19 योद्धाओं को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट : 49 के खिलाफ आरोप तय

**56** लोगों की जान धमाकों में गई थी

**12** साल तक चली सुनवाई

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद 2008 सीरियल बम ब्लास्ट मामले में शुक्रवार को गुजरात की विशेष अदालत 49 दोषियों को सजा सुनाएगी। कोर्ट ने मंगलवार को सभी को जिहादी साजिश और आतंकवाद के मामलों में दोषी माना है। सभी को आईपीसी की धारा 302 और 120 के तहत सजा सुनाई जाएगी। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में 70 मिनट के दौरान 21 बम धमाके हुए थे, जिसमें 56 लोगों की जान चली गई थी। अदालत ने इस मामले की सुनवाई पिछले साल सितंबर में पूरी कर ली थी। दिसंबर 2009 में शुरू हुए इस मुकदमे में 1,100 लोगों की गवाही हुई। सबूत नहीं मिलने की वजह से 28 लोगों को बरी कर दिया गया। सरकारी वकीलों में एचएम ध्रुव, सुधीर ब्रह्मभट्ट, अमित पटेल और मितेश अमीन ने दलीलें दीं, जबकि बचाव पक्ष से एमएम शेख और खालिद शेख आदि ने दलील दीं।

### लॉकडाउन के दौरान चली सुनवाई

अहमदाबाद विस्फोट के बाद करीब 12 साल तक इस मामले की जांच और सुनवाई चली है। लॉकडाउन के दौरान भी इस मामले की सुनवाई लगातार चलती रही। देश में पहली बार एकसाथ 49 आरोपियों को आतंकवाद के गुनाह में दोषी ठहराया गया है। मामले की पूरी सुनवाई में अब तक सात जज बदल गए।

### ब्लास्ट में इंडियन मुजाहिदीन का हाथ था

जांच के दौरान पुलिस ने दावा किया था कि आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन और बैन किए गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों ने ब्लास्ट कराए थे। पुलिस का मानना था कि आईएम के आतंकियों ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में ये धमाके किए। इस मामले के एक अन्य आरोपी यासिन भटकल पर पुलिस नए सिरे से केस चलाने की तैयारी में है।



## सम्पादकीय



# प्रतिभा की जगह

अब इस बात पर उचित ही गर्व करते देखा जाता है कि सदियों से समाज के हाशिए पर डाल दी गई महिलाएं भी अपनी प्रतिभा के बल पर पुरुषों के समकक्ष खड़ी देखी जाने लगी हैं। इस क्रम में दुनिया की अनेक महिलाओं के उदाहरण दिए जाते हैं। मगर हमारे देश में अक्सर इस बात को लेकर असंतोष भी जताया जाता रहता है कि प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों के शीर्ष पदों पर महिलाएं नहीं पहुंच पातीं। इसमें पुरुष प्रधान समाज की मानसिकता को भी दोषी ठहराया जाता है। मगर अब ऐसी शिकायतें भी धीरे-धीरे छंटनी शुरू हो गई हैं। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश की कतार में महिला न्यायाधीशों के खड़े होने से काफी संतोष और खुशी व्यक्त की गई। इसी क्रम में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की नई कुलपति के रूप में शांतिश्री पंडित के चयन को भी देखा जा सकता है। वे इस विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति होंगी। चूंकि देश का यह प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, उस पर सबकी नजर रहती है। कई बार दबी या मुखर जबान में सवाल पूछे जाते रहे हैं कि क्या वहां कोई ऐसी एक भी महिला प्रोफेसर नहीं हुई, जिसे वहां का कुलपति बनाया जा सके। दूसरे विश्वविद्यालय से ही सही, शांतिश्री पंडित के इस पद पर चयन से निस्संदेह ऐसे सवाल करने वालों को कुछ संतोष मिला होगा। विश्वविद्यालय स्वायत्तशासी संस्थान होते हैं। इसलिए किसी भी विश्वविद्यालय की साख स्वाभाविक रूप से उसके कुलपति से जुड़ जाती है। कुलपति का नजरिया ही परिसर के परिवेश में दिखाई देता है। वहां होने वाली नियुक्तियों, शिक्षा सत्र और पढ़ाई-लिखाई के वातावरण, व्यवस्था आदि में कुलपति का व्यक्तित्व ही देखा-परखा जाता है। क्योंकि आखिरकार विश्वविद्यालयों की संपत्ति वहां के अकादमिक लोग ही होते हैं।

मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्तियों आदि को लेकर गुणवत्ता से समझौता होते देखा जाने लगा है, उससे कुलपतियों की नियुक्ति पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की नई कुलपति भी विवाद से परे नहीं मानी जा सकतीं। इस पद की जिम्मेदारी संभालने से पहले ही वे अनेक बार विवादों में घिरी रही हैं। महाराष्ट्र के सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय में वे राजनीति विज्ञान की आचार्य हैं। वहां रहते हुए उन्होंने गांधी और गोडसे प्रसंग में ट्विटर पर एक तरह से गांधी-विरोधी टिप्पणी कर दी थी, जिसे लेकर उन्हें तीखे विरोधों का सामना करना पड़ा था। इसी तरह उन्होंने नागरिकता संशोधन विधेयक के विरोध में विरोध कर रहीं, धरने पर बैठी मुसलिम महिलाओं को फिदायीन कह दिया था। कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों की अगुआई करने वाले नेताओं को परजीवी कह दिया था। यह ठीक है कि संविधान में सबको अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, मगर जब समाज का कोई जिम्मेदार माना जाने वाला व्यक्ति हल्की बातें करता है, तो उस पर विरोध का स्वर उभरना स्वाभाविक है। शांतिश्री पंडित के पहले दिए गए उनके बयानों से उनकी विचारधारा और चीजों को देखने की दृष्टि का अंदाजा तो लगाया ही जा सकता है। इसलिए अंगुलियां सरकार पर भी उठनी लाजिमी हैं कि उन्हें क्यों इस पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। खैर, मनुष्य के स्वभाव और सोच को लेकर उम्मीद की खिड़की कभी बंद नहीं होती। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि किसी जिम्मेदार पद पर पहुंच कर व्यक्ति के कामकाज का तरीका पहले के अपने ढंग से उलट हो जाता है।

# देश पर आर्थिक संकट तो आए लेकिन राष्ट्र निर्माताओं ने कड़े फैसले लेकर उन्हें दूर किया

**खाद्य सुरक्षा पर शास्त्री का ध्यान इस तथ्य से आकर्षित हुआ कि 1960 के दशक में, भारत बड़े पैमाने पर अकाल के कगार पर था। वहीं, अमेरिका से खाद्य सहायता आयात, जिस पर देश निर्भर था, भारत की विदेश नीति की स्वायत्तता को गहरे से प्रभावित करने लगा था। यही वजह है कि उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों और अधिकारियों को कुछ बेहतर करने को प्रोत्साहित किया। यह वह दौर था जब आनुवंशिकीविद् एम.एस. स्वामीनाथन, नॉर्मन बोरलॉग और अन्य वैज्ञानिकों के साथ, गेहूं के उच्च उपज वाले किस्म के बीजों के साथ कदम रखा, जिसे हरित क्रांति के रूप में जाना जाने लगा। स्वामीनाथन अब भारत को सतत विकास की ओर ले जाने के पक्षधर हैं। वह पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी कृषि, स्थायी खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता के संरक्षण का समर्थन करते हैं। वह इसे सदाबहार क्रांति कहते हैं।**

**आजादी** से लेकर आजतक की भारतीय अर्थव्यवस्था के सफर पर जब हमलोग सूक्ष्म दृष्टि डालते हैं तो पता चलता है कि तेजी से औद्योगीकरण की खोज ने, कृषि क्षेत्र से धन का एक बड़ा पुनर्वितरण किया था। वैसे तो दूसरी पंचवर्षीय योजना में कृषि परिव्यय को लगभग आधा करके 14 प्रतिशत कर दिया गया था। इसका असर उत्पादन पर पड़ा।लिहाजा देश में खाने की किल्लत और बढ़ गई, साथ ही महंगाई भी बढ़ गई।

वहीं, खाद्यान्नों के आयात ने बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भंडार को समाप्त कर दिया। चक्रवर्ती राजाजी राजगोपालाचारी, जो कभी नेहरू के मित्र-आलोचक थे, आर्थिक स्वतंत्रता के कट्टर समर्थक थे। इसलिए अर्थव्यवस्था में राज्य की अत्यधिक भागीदारी के सवाल पर उनका प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से मतभेद हो गया। यद्यपि 27 मई 1964 को, नेहरू की मृत्यु हो गई। लेकिन, तब और बाद के वर्षों में की गई आलोचनाओं के बावजूद, उन्होंने एक आधुनिकतावादी के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया था। परिवर्तित समय के साथ एक दौर ऐसा भी आया जब नेहरू के मंत्रिमंडल में बिना पोर्टफोलियो के मंत्री लाल बहादुर शास्त्री 9 जून 1964 को एक भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में सफल हुए। यह वह दौर था जब चीन के साथ दो वर्ष पहले यानी सन 1962 में हुए भारत-चीन युद्ध ने भारत की आर्थिक कमजोरी को अनवरत रूप से उजागर कर दिया था। लिहाजा लगातार भोजन की कमी और कीमतों में वृद्धि ने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को आश्वस्त किया कि भारत को केंद्रीकृत योजना और मूल्य नियंत्रण से दूर जाने की जरूरत है।

यही वजह है कि पीएम शास्त्री ने कृषि पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया, निजी उद्यम और विदेशी निवेश के लिए एक बड़ी भूमिका स्वीकार की, और तत्कालीन योजना आयोग की भूमिका को कम कर दिया। 1965 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत ने उन्हें 25 साल बाद हुए आर्थिक सुधारों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। या यूं कहिये कि राजनीतिक राजधानी दी। जैसा कि पी.एन. धर ने इंदिरा गांधी, द इमरजेंसी एंड इंडियन डेमोक्रेसी में लिखा है। वहीं, हरित क्रांति की सफलता के बाद, शास्त्री ने अपना ध्यान डेयरी क्षेत्र, विशेष रूप से गुजरात के आणंद में वर्गीज कुरियन के नेतृत्व में सहकारी आंदोलन की ओर लगाया। उन्होंने कैरा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड को श्वेत क्रांति की शुरुआत करते हुए अपने काम का विस्तार करने में मदद की। इसके बाद के वर्षों में, सरकार के ऑपरेशन फ्लड ने दूध उत्पादन में तेजी से वृद्धि की। वाकई डेयरी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पूरी तरह से सहकारी आंदोलन के माध्यम से हासिल की गई थी, जो पूरे देश में 1.2 करोड़ से अधिक डेयरी किसानों तक फैल गई है। यही वजह है कि दशकों बाद, आणंद में सहकारी किसानों द्वारा शुरू किया गया ब्रांड अमूल बाजार में अग्रणी दुग्ध उत्पाद के रूप में बना हुआ है। एक वह भी दौर आया जब भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं को संक्षिप्त रूप से निलंबित कर दिया, और इसके बजाय 1966 और




1969 के बीच वार्षिक योजनाएँ तैयार की गईं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि देश लंबी अवधि में संसाधन देने की स्थिति में नहीं था। चीन के साथ युद्ध, तीसरी योजना के निचले स्तर के विकास के परिणाम, और पाकिस्तान के साथ युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए पूंजी के विचलन ने अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया था। वहीं, 1966-67 के मौसम में महत्वपूर्ण मानसूनी बारिश ने एक बार फिर अपना प्रभाव खो दिया था, जिससे भोजन की कमी और बढ़ गई थी और मुद्रास्फीति में तेज वृद्धि हुई थी। लिहाजा खाद्यान्न आयात करने या विदेशी सहायता लेने की निरंतर आवश्यकता ने भी भारत की राजनीतिक अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर जोखिम उत्पन्न कर दिया। फलत: 1960 और 1970 के दशक में, इंदिरा गांधी ने अपने समाजवादी आदर्शों के भीतर रहते हुए ही आर्थिक विकास को गति देने के प्रयास में कई नीतियों का संचालन किया। सच कहा जाए तो 1960 का दशक भारत के लिए कई आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों का दशक था। क्योंकि महज 3 वर्ष के अंतराल पर हुए दो-दो युद्धों- भारत-चीन युद्ध 1962 और भारत-पाक युद्ध 1965 ने जनता के लिए काफी कठिनाइयाँ पैदा की थीं। नेहरू और शास्त्री की त्वरित उत्तराधिकार में मृत्यु ने राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर दी थी और कांग्रेस के भीतर भी सत्ता के लिए जॉकींग शुरू कर दी थी।वहीं, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा किये गए रुपये के अवमूल्यन के कारण सामान्य मूल्य वृद्धि हुई थी। परिणाम यह हुआ कि 1967 के आम चुनावों के बाद कांग्रेस एक छोटे से बहुमत के साथ सत्ता में लौटी और पार्टी ने सात राज्यों में सत्ता खो दी। जवाब में, श्रीमती गांधी ने 20 जुलाई 1969 को 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इस कदम का मुख्य उद्देश्य कृषि के लिए बैंक ऋण में तेजी लाना था। क्योंकि तब बड़े व्यवसायों ने ऋण प्रवाह के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। इसलिए उन्होंने कृषक और उनपर आश्रित वर्ग के हित साधन के लिए उक्त कदम उठाए। समझा जाता है कि बैंकिंग क्षेत्र को समाजवाद के लक्ष्यों के साथ जोड़ने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी के कठोर कदम ने उन्हें जनता का प्रिय बना दिया था। क्योंकि बैंक राष्ट्रीयकरण ने कृषि ऋण को बढ़ावा देने और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को ऋण देने में मदद की।

## व्यापार समाचार

## पूंजीगत लाभ कर ढांचे में बदलाव को तैयार है सरकार : राजस्व सचिव

नई दिल्ली।



राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बुधवार को कहा कि सरकार शेयरों, ऋण और अचल संपत्ति पर पूंजीगत लाभ कर की गणना के लिए विभिन्न दरों और होल्डिंग अवधि में 'बदलाव' करने के लिए तैयार है ताकि इस प्रणाली को सरल बनाया जा सके। आयकर अधिनियम के तहत, चल और अचल दोनों तरह की पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाला लाभ 'पूंजीगत लाभ कर' के दायरे में आता है। हालांकि, अधिनियम के तहत कार, परिधान, फर्नीचर जैसी चल व्यक्तिगत संपत्तियां इस कर के दायरे से बाहर हैं। बजाज ने कहा कि संपत्तियों पर विविध दरों और होल्डिंग की अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ का कर ढांचा काफी जटिल है और इसपर फिर से गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''दर, होल्डिंग अवधि के लिहाज से पूंजीगत लाभ ढांचे पर फिर से काम करने की जरूरत है। अगली बार जब भी अवसर मिलेग हम इसमें बदलाव करने को तैयार रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग भारत जैसे अन्य देशों और विकसित दुनिया में दरों का अध्ययन कर चुका है। आमतौर पर 36 महीने से अधिक समय तक रखी जाने वाली संपत्ति को दीर्घकालिक संपत्ति कहा जाता है।

## फरवरी के पहले सप्ताह में निर्यात 28.51 प्रतिशत बढ़कर 8.67 अरब डॉलर रहा

नई दिल्ली।

पेट्रोलियम, इंजीनियरिंग और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश का निर्यात फरवरी के पहले सप्ताह (एक से सात फरवरी) में 28.51 प्रतिशत बढ़कर 8.67 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 8.67 अरब डॉलर प्रति सप्ताह इस साल औसत साप्ताहिक दर 7.0 अरब डॉलर से लगभग 20 प्रतिशत अधिक है। जनवरी में देश का निर्यात 23.69 प्रतिशत बढ़कर 34.06 अरब डॉलर रहा था। संचयी रूप से चालू वित्त वर्ष 2021-22 में अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 46.53 प्रतिशत बढ़कर 335.44 अरब डॉलर रहा। बता दें कि दिसंबर 2021 में देश का निर्यात सालाना आधार पर 38.91 प्रतिशत बढ़कर 37.81 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। ये वृद्धि इंजीनियरिंग, कपड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की वजह से है। व्यापार घाटा बढ़कर 21.68 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। दिसंबर 2021 में आयात भी 38.55 प्रतिशत बढ़कर 59.48 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-दिसंबर 2021-22 के दौरान, निर्यात 49.66 प्रतिशत बढ़कर 301.38 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान आयात 68.91 प्रतिशत बढ़कर 443.82 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार घाटा 142.44 अरब डॉलर रहा। दिसंबर 2021 में मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट 37.81 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो दिसंबर 2020 में 27.22 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 38.91 प्रतिशती की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर 2019 की तुलना में दिसंबर 2021 में निर्यात में 39.47 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। नवंबर में वस्तुओं का निर्यात पिछले वर्ष समान अवधि के मुकाबले 26.49 प्रतिशत और नवंबर, 2019 के मुकाबले 15.93 प्रतिशत बढ़ा।

# सुप्रीमकोर्ट ने अमेजन की याचिका पर फ्यूचर समूह से मांगा जवाब, 24,500 करोड़ रुपए का मामला

मुंबई।



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को रिलायंस के साथ फ्यूचर रिटेल के 24,500 करोड़ रुपए के विलय सौदे पर सुनवाई की। इसने मध्यस्थता ट्रिब्यूनल के समक्ष चल रही मध्यस्थता कार्यवाही पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के 5 जनवरी के आदेश के खिलाफ अमेजन की याचिका पर फ्यूचर समूह से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस एएस बोपन्ना और हेमा कोहली की पीठ ने फ्यूचर ग्रुप फर्म फ्यूचर कूपन प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) और फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) को नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया कि वह 23 फरवरी को बिना किसी स्थगन के मामले की सुनवाई करेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 जनवरी को अमेजन-फ्यूचर मध्यस्थता पर रोक लगा दी थी। यह सुनवाई रिलायंस के साथ 24,500 करोड़ रुपए के सौदे पर तीन सदस्यीय ऑर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के समक्ष चल रही है। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, मुख्य जस्टिस ने मंगलवार को की गई अपनी टिप्पणी पर कुछ मीडिया रिपोर्टों पर नाराजगी व्यक्त की। दरअसल पिछले हफ्ते अमेजन की ओर से वरिष्ठ वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने मामले में जल्द सुनवाई की मांग की थी। गोपाल सुब्रमण्यम के साथ सुनवाई शुरू हुई तो चीफ जस्टिस ने कहा कि कैसे मीडिया ने 8 फरवरी को अमेजन को संबोधित उनकी मौखिक टिप्पणी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस रिटेल के साथ विलय की मंजूरी के लिए फ्यूचर रिटेल लिमिटेड की तरफ से दाखिल याचिका की सुनवाई के दौरान अमेजन को लिखित अनुरोध दाखिल करने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया था। सीजेआई एन वी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में लिखित निवेदन दाखिल करने के अमेजन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। देरी से यह अनुरोध किए जाने से नाराज पीठ ने कहा कि यह एक आरामदायक मुकदमा नजर आता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आप मामले को जटिल बनाना चाहते हैं। आप इसे खींचना चाहते हैं ताकि सुनवाई चलती रहे। फ्यूचर- अमेजन विवाद पर दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अमेजन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। इससे पहले फ्यूचर-अमेजन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के पिछले सभी आदेश रद्द कर दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को फिर से सभी मुद्दों पर मेरिट के आधार पर फैसला लेने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने रिलायंस-फ्यूचर डील के खिलाफ हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया है। दरअसल, फ्यूचर ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट से रिलायंस के साथ एसेट डील प्रकिया आगे बढ़ाने की इजाजत मांगी थी और 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने फ्यूचर ग्रुप की अर्जी पर फैसला सुरक्षित रखा था।

## डोमिनोज और होंडा ने भी कश्मीर पर अनचाहे सोशल मीडिया पोस्ट पर मांगी माफी

नई दिल्ली।

अमेरिकी पिज्जा रेस्टोरेंट चेन डोमिनोज की भारतीय शाखा डोमिनोज इंडिया ने तथाकथित कश्मीर एकजुटता दिवस के अवसर पर कश्मीर के लोगों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने वाली कंपनी के ट्वीट्स के सामने आने के बाद माफी मांगी है।

डोमिनोज इंडिया ने मंगलवार को अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, यह वह देश है जिसे हमने पिछले 25 वर्षों से अपना घर कहा है और हम यहां इसकी विरासत की रक्षा के लिए हमेशा के लिए खड़े हैं। हम देश की पेशकश की हर चीज का सम्मान और सम्मान करते हैं। इंस्टग्राम पर कंपनी ने कहा, हमें खेद है और देश के बाहर डोमिनोज़ के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रकाशित अवांछित सोशल मीडिया पोस्ट के लिए खेद है। एक ब्रांड के रूप में हम भारत का सम्मान करते हैं और विनम्रता, कृतज्ञता और गर्व के साथ अपने ग्राहकों और समुदायों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें अनचाही पोस्ट 5 फरवरी, 2020 से थी।

# बजट में पूंजीगत व्यय के लिए प्रावधान उतना अधिक नहीं जितना दिख रहा है : क्रिसिल

मुंबई।

घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा है कि वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में प्रस्तावित पूंजीगत व्यय ''उतना अधिक नहीं है जितना नजर आ रहा है।'' हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि आमतौर पर संकट के समय सरकारें पूंजीगत व्यय में कटौती करती हैं, लेकिन इस सरकार ने महामारी के दौरान भी वृद्धि को बढ़ावा देने वाली कदमों पर ध्यान दिया। क्रिसिल की शोध इकाई ने बुधवार को कहा कि संसद में पेश 2022-23 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूंजीगत व्यय में चालू वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी करते हुए इसे 7.5 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.91 प्रतिशत के बराबर करने का प्रस्ताव रखा है। यदि इसमें से एक लाख करोड़ रुपये का ऋण आंकड़ा कम कर दिया जाए जो राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए दिया जाना है तो वास्तविक व्यय कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.58 प्रतिशत रह जाएगा जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान के बराबर भी नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया कि आंकड़े को बढ़ाने वाली संख्या का असर भी आंतरिक और अतिरिक्त बजट संसाधनों (आईईबीआर) में कटौती से कम हो जाता है। आईईबीआर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के




उद्यमों में निवेश का वित्तपोषण करता है। आईईबीआर को अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी का 1.82 फीसदी रखा गया है जो महामारी पूर्व (वित्त वर्ष 2018-20) के औसत स्तर 3.33 प्रतिशत से काफी कम है।

गौरतलब है कि वृद्धि को बढ़ाने के लिए अगले वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 35 प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए कुछ हलकों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की गई। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के पूंजीगत व्यय का संशोधित अनुमान 2.60 प्रतिशत है जबकि इसका बजट अनुमान 2.39 प्रतिशत था। क्रिसिल ने कहा कि इसकी वजह एयर इंडिया की देनदारियों पर एकबारगी 51,971 करोड़ रुपये का खर्च है।

## आज का राशिफल

### मेष
चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी।

### वृषभ
कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा।

### मिथुन
भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा।

### कर्क
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें।

### सिंह
बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी।

### कन्या
सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी।

### तुला
पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### वृश्चिक
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### धनु
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा।

### मकर
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

### कुंभ
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी।

### मीन
कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी।

# जिला परिषद टीम ने किया भारत स्वच्छ मिशन कार्यो का निरीक्षण

## मौके पर जिओ टेकिंग के साथ लिया जायजा

- भैंरुन्दा पंचायत समिति क्षेत्र में एसबीएम कार्यों का हुआ निरीक्षण



इलियास खान

**भैरुन्दा( नागौर डेली न्यूज ) :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस के चल रहे कार्यों का जिला परिषद नागौर के एस एल डब्लू एम विशेषज्ञ विपिन लाम्बा ने बुधवार को भैरुन्दा पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न कार्यो का निरीक्षण कर मौका स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर निरीक्षण टीम द्वारा भैरुंदा पंचायत समिति के ग्राम महेराना, शेखपुरा, ढाणीपूरा, कल्याणपुरा, राताडुंडा में सामुदायिक शौचालय, मैजिक पीट, सोख्ता गड्डा, नाडेफ कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट सहित गुणवत्ता तकनीकी के बारे में भौतिक अवलोकन किया गया तथा मौके पर किए गए कार्यों की जियो टैगिंग करवाई गई। भेरुन्दा पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा में कचरा संग्रहण केन्द्र के चल रहे निर्माण कार्य में सही तकनीकी से कार्य करने हेतू एक्स्पर्ट विपिन लाम्बा ने ठेकदार को निर्देशित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस अवसर पर भेरुन्दा पंचायत समिति से कनिष्ट लिपिक दयानद जयपाल , ढानीपुरा सरपंच पुनाराम छाबा, ग्राम महेराणा सरपंच रामदेव साहू एव पंचायत समिति कार्मिक उपस्थित रहे ।

# आज कुचेरा क्षेत्र में 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

कुचेरा( नागौर डेली न्यूज) :

गुरुवार को 132 जीएसएस कुचेरा में आवश्यक रखरखाव और मेंटेनेंस के कारण कुचेरा क्षेत्र में 5 घंटे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार कुमावत ने बताया कि कुचेरा 132 से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर और 11 केवी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। इस वजह से कुचेरा शहर, गाजू, पालड़ी जोधा, खजवाना, जनाणा,ढाढरीया में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

# राजस्थान में भारी बारिश, पटरियां पानी में डूबीं : अलवर में ढाई सेंटीमीटर बारिश

जयपुर.

उत्तरी भारत में एक्टिव हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर बीकानेर, जयपुर संभाग के जिलों में देखने को मिला है। पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, सीकर, अलवर, अजमेर, झुंझुनूं जिलों में कई जगहों पर बारिश हुई है। सबसे ज्यादा अलवर में 2.2 सेंटीमीटर यानी 22एमएम बरसात दर्ज हुई। मौसम में आए इस बदलाव के बाद सर्द हवाएं चलने लग गई, जिससे ठिठुरन बढ़ गई।

जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट के मुताबिक अलवर में मंगलवार देर शाम से रूक-रूककर बरसात हुई। अलवर, चूरू, सीकर में भी अच्छी बरसात हुई। सीकर में थोड़ी ही बारिश में सड़कें दरिया बन गई, रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूबी नजर आई। बीकानेर, गंगानगर में देर शाम बरसात से सड़कों पर पानी भर गया। वहीं जयपुर, झुंझुनूं, दौसा में देर शाम से बादल छाए रहे। बीकानेर में भी देर रात करीब 5एमएम बरसात हुई। चूरू में 9एमएम, फतेहपुर में 6 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई। जयपुर शहर में देर रात छितराई बारिश हुई। जयपुर में वैशाली नगर, रामगढ़ मोड़, टोंक रोड, अजमेर रोड समेत कई जगहों पर छितराई बारिश हुई। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी बीती रात बारिश हुई। दिल्ली बाईपास स्थित विराट नगर, शाहपुरा, जमवारामगढ़, कोटपूतली, किशनगढ़-रेनवाल, फुलेरा, सांभर, चौंमू, चाकसू में बरसात हुई। जयपुर कलेक्ट्रेट पर देर रात से अलसुबह तड़के तक 9एमएम बरसात हुई।

# पेंटिग का कार्य करते समय रस्सा टूटा, श्रमिक की मौत

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना शहर के चारभुजा रोड स्थित एक मकान पर कलर पेंट का कार्य करते समय अचानक रस्सी टूटने व पेर पिसलकर गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है। जानकारी मिलने पर मकराना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक परिजनों व साथी श्रमिको से घटना की पड़ताल कर रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार चारभुजा रोड स्तिथ जगदीश शर्मा के मकान में पेंटिंग का कार्य चल रहा है। बुधवार सुबह घर की बाहरी 15 फीट ऊंची दीवार पर श्रमिक हसनेन पुत्र मेहरुदीन उम्र 35 वर्ष थाना बहादुरगंज बिहार रस्सी के झूले में बैठ कर पेंटिंग कर रहा था।

उसके अन्य दो साथी मजदूरों ने छत पर रस्सी को पकड़ रखा था। कलर करते समय रस्सी अचानक बीच में से टूट गई और श्रमिक सड़क पर खड़ी बाइक से टकरा कर जमीन पर गिर गया। गिरने से श्रमिक के सिर में गम्भीर चोट लगी और लहूलुहान हो गया। मकान मालिक ने मानवता दिखाते हुए घायल श्रमिक को इलाज के लिए तत्काल राजकीय अस्पताल मकराना लेकर पहुंचे जहाँ इलाज के दौरान श्रमिक ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में भीड़ मोर्चरी के बाहर एकत्रित हो गई। सूचना पर मृतक के रिश्तेदार परिजन किशनगढ़ से मकराना पहुंचे।

# दो कारो की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में चार घायल, गंभीर अजमेर रेफर

## पादूकलां थाना क्षेत्र के ग्राम थाट की हैं घटना



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** अजमेर बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग 89 पर मंगलवार देर शाम को पादूकलां थाना क्षेत्र के ग्राम थाट में दो कारों की आमने-सामने भिड़त जाने से चार लोग घायल हो गए, जिनको प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर किया गया। सूचना पाकर पादूकलां पुलिस भी मौके पर पहुंची। इससे पूर्व क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों में फंसे घायलों को ग्रामीण दयाराम भाम्बू, विनोद बेड़ा, सुशील केरिया, रिछपाल ने बाहर निकालकर अपने वाहन से इलाज के लिए पादूकलां अस्पताल में पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चारों जनों को अजमेर रेफर किया गया। थानाधिकारी सुमन कुल्हरी ने बताया कि इस हादसे में भेरुन्दा सरपंच प्रतिनिधि चेनाराम जाट (40) पुत्र धन्नाराम निवासी भैरुन्दा, महिपाल (35) पुत्र रामनिवास डूडी निवासी कागल भोपालगढ़, लालाराम (24) पुत्र बाबूलाल गोदारा सोपटा भोपालगढ़, पूनाराम (24) पुत्र चेनाराम निवासी ओत्रा भोपालगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों गंभीर घायलों को 108 एम्बुलेंस के पायलट हरेन्द्र तेतरवाल ने अजमेर जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। पादूकलां थानाधिकारी ने क्षतिग्रस्त दोनो कारो को अपने कब्जे में लेकर थाना परिसर में पहुंचाया।

# लेटलतीफी पर ग्रामीणों ने लगाई अध्यापकों की क्लास

## स्कूल पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

अबूबकर बल्खी




**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनू तहसील के गाँव तिलोटी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में लेटलतीफी पर ग्रामीणों ने अध्यापकों की क्लास लगा दी। बुधवार को ग्रामीणों ने स्कूल के ताला लगाकर देरी से आने वाले अध्यापकों को गेट के बाहर ही खड़े रखा। करीब ढाई घण्टे तक चली समझाईश के बाद मामला शांत हो पाया। जानकारी के अनुसार तिलोटी के सरकारी स्कूल में परिजनों ने तब बवाल खड़ा कर दिया जब बुधवार सुबह विद्यालय समय में वे स्कूल आये तो विद्यालय में कार्यरत 9 स्टॉफ में से प्रधानाध्यापक बन्नाराम निवासी फिरवासी, अध्यापिका अंजू के अलावा अन्य स्टॉफ नदारद मिला। गुसाए लोगो ने 10:15 बजे स्कूल के ताला लगाकर बाहर खड़े हो गए। इसके बाद अन्य अध्यापक श्रवणराम मेघवाल, बलदेव ढाका, राजेश चाहर, सुनील कुमार, अध्यापिका सीता घोटिया व मंजू आदि करीब एक घण्टे देरी से स्कूल में आये तो परिजन व ग्रामीणों ने गेट के तालाबंदी कर उन्हें स्कूल के अंदर नहीं घुसने दिया व मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे। इस के बाद लाडनूं से एसीबीईओ नरेन्द्र कुमार जाखड़, पीईईओ महेंद्र सिंह मौके पर पहुँचे व गांव वालों से समझाईश की एंव भविष्य में ऐसी गलती नहीं होने का आश्वासन दिलाया। गांव वालों की मांगें सुनकर प्रधानाध्यापक व स्टॉफ को लिखित में पाबंद किया तब जाकर मामला शांत हो पाया। इस मौके पर भवँर सिंह, भागीरथ सिंह, हेमाराम भदाल, नारायण राम, प्रभुसिंह, गोवर्धन राम, कुलडाराम, खांगाराम, हीराराम चौधरी, जेशाराम, पवन, गोपाल बुरड़क, मनमोहित, दानाराम फौजी, मांगीलाल शर्मा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


**इनका कहना है**

"‘तिलोटी में स्कूल स्टॉफ देरी से आने पर तालाबंदी की सूचना मिली तो मौके पर जाकर ग्रामीणों से समझाइश की गई। स्टॉफ को समय पर स्कूल आने, शिक्षण व्यवस्था में सुधार करने व क्लास के समय मोबाईल का इस्तेमाल नहीं करने के संबंध में लिखित निर्देश दिए गए हैं।’

**नरेन्द्र कुमार जाखड़**
**एसीबीईओ लाडनूं।**

# पूर्व विधायक किनसरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ दिया ज्ञापन

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के काफिले पर हुए पथराव की निंदा



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की ओर पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के काफिले पर बूंदी राजमार्ग पर कांग्रेस की प्रदर्शन के दौरान हुए पथराव की निंदा की गई। इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं होने पर भाजपाइयों ने रोष प्रकट किया है। ज्ञापन सौंपकर हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई है। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, उपाध्यक्ष रामनिवास दिवाकर, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्रीभगवान बंग, पूर्व उपाध्यक्ष एवं जिला ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री प्रेम प्रकाश मालाकार, शहर महामंत्री आशीष भटनागर, पार्षद पूनमचंद शर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गिरिराज पारीक, युवा मोर्चा जिला मंत्री हरलाल गुर्जर, भाजयुमों शहर अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ, शहर महामंत्री मुकेश तंवर, अरविंद सांखला, हरी प्रसाद प्रजापत, पार्षद सुखाराम मालाकार, कौशल जनसेवक त्रिपाठी, राखी, पूर्व पार्षद सादिक हुसैन, तेजेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राव शैतान सिंह, एडवोकेट विजेंद्र सिंह, एडवोकेट कमल सैनी, जगदीश प्रसाद आचार्य, गोविंद प्रजापत, बलवीर प्रजापत, मनफूल भादू एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 84 रोगियों की हुई जांच

## ऑपरेशन के लिये 40 रोगी चयनित

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से अग्रवाल भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष लॉयन वेनिगोपाल मालपानी ने बताया शिविर में शंकरा अस्पताल जयपुर के नेत्र रोग चिकित्सक टीम ने 84 रोगियों की जांच कर 40 को ऑपरेशन के लिये चयन किया जिन्हें बस द्वारा शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया, जिनके गुरुवार को ऑपरेशन किये जायेंगे। क्लब सचिव लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया शिविर की व्यवस्था में उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन प्रहलाद रांकावत, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, गिरधारी प्रजापत, पार्षद बाबूलाल कुमावत, अशोक टाक, बिरदीचंद छापोला, गुमान गुर्जर, महेन्द्र कुमावत ने सहयोग किया।

# गुर्जर समाज में शिक्षा की अलख जगाने व सामाजिक प्रतिभाओं को निखारने के होंगे पूरजोर प्रयास : डॉ. गुर्जर

## देव वैरायटी स्टोर कुचामनसिटी में देवनारायण विकास समिति नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुर्जर सहित कार्यकारिणी का हुआ सम्मान समारोह आयोजित, जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के बुड़सू रोड स्थित देव वैरायटी स्टोर पर बुधवार को देवनारायण विकास समिति कुचामनसिटी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए देवनारायण विकास समिति कुचामनसिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुर्जर ने कहा कि गुर्जर समाज में शिक्षा की अलख जगाने व सामाजिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए देवनारायण विकास समिति कुचामनसिटी भरपूर प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे समाज को साथ लेकर संगठित करते हुये आगे बढ़ेंगे। समारोह में पालिका पार्षद चेतन डोई ने कहा कि समाज में जागरूकता के लिए सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर देव वैरायटी स्टोर द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुर्जर सहित कार्यकारिणी का मालाओं से लादकर व मारवाड़ी परम्परा से साफा बंधन कर सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष हीराराम मांसी, सचिव जगदीश बोटण, सह सचिव गणपत गुंगलिया, धन्नाराम डोई, बाबुलाल छाबड़ी, बंशीलाल जोरावत, राजवीर गुर्जर, चेनाराम मांसी, भवानीशंकर, चेतनजी डोई, ओमप्रकाश डोई, कॉपरेटिव समिति दीपपुरा चेयरमैन चेनाराम गुर्जर दीपपुरा, एडवोकेट हीराराम गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, राजस्थान पत्रकार संघ डेगाना तहसील उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार हरिराम गुर्जर दीपपुरा सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग मौजूद थे।

**गुर्जर का कई समाजों ने भी किया सम्मान**-अध्यक्ष बने डॉ. रामकुमार गुर्जर का अलग-अलग कुचामनसिटी में पिछले तीन दिनों से लगातार कई समाजों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी सहित लोगों व संस्थाओं ने सम्मान का दौंर जारी है। परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया सहित कई जनप्रतिनिधियों व लोगों ने भी डॉ. रामकुमार गुर्जर को बधाइयां दी तो वहीं शहर के पालिका पार्षद मानसिंह मोररा, एकलव्य एकेडमी स्कूल कुचामनसिटी संचालक अमन जोशी, पार्षद खेताराम, रफीक खान नेताजी, युवा मनोज राठी सहित ने भी अलग-अलग जगहों पर सम्मान किया।

# प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल व बालिका विद्यालय के पास गंदगी का आलम

## मंदिर व विद्यालय जाने वालों की भावनाएं हो रही है आहत

### विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी रहता है संक्रमण फैलने का डर



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण भगवान के दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों की धार्मिक भावना है आहत हो रही है। इस गंदगी के कारण आसपास के इलाके में डेंगू तथा मलेरिया जैसे संक्रमण फैलने का अंदेशा बना हुआ है। मजे की बात यह है कि इसी गंदगी के पास जैन तीर्थ स्थल के अलावा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भी है जोकि दो भागों में है तथा दोनों ही विद्यालय पास पास में बने हुए हैं, जिनमें लगभग 300 से 350 बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करने आती है तथा इस गंदगी के कारण उनको भी आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही इस गंदगी के कारण विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों के संक्रमण फैलने का डर भी बना हुआ है। एक और तो देश के प्रधानमंत्री की ओर से स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का अभियान चलाया जा रहा है वही मेड़ता रोड में इस प्रकार की जिंदगी सरेआम देखने को मिल रही है, जिसके कारण ऐसा प्रतीत होता है कि यहां की ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत से कोई लेना देना नहीं है। जहां सरकार द्वारा गंदगी को हटाकर देशभर में साफ सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं वहीं मेड़ता रोड में इस प्रकार की गंदगी के ढेर दिखाई देना आम बात है। अगर करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी देश में कहीं साफ-सफाई नजर नहीं आती है तो यह विचारणीय है। जहां स्वछ भारत मिशन को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा अभियान चलाया जा रहा है वही मेड़ता रोड कस्बा इस मामले को लेकर सुस्त नजर आ रहा है ।उक्त गंदगी को लेकर स्थानीय ग्राम पंचायत प्रशासन को कई बार सूचना भी दी जा चुकी है लेकिन अब तक इस और किसी का ध्यान नहीं गया है। ऐसे में अगर किसी प्रकार का संक्रमण फैलता है तो इसका जवाब किसके पास है ? यह कोई नहीं जानता।

# टूटी नाली को सही कराने की मांग



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में वार्ड संख्या 21 में खारिया बाईपास पर नाली टूटी होने से आमजन व राहगीरों को काफी मुसिबत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने पर गंदा पानी निजी खेत कि ओर रुख कर लेता है जिसका गंदा पानी खेत में जाने से सब्जियों सहित अन्य फसलें को नुकसान होने का खतरा मंडराता रहा है। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड प्रदेशाध्यक्ष परसाराम बुगालिया के नेतृत्व में समाजसेवी राजकुमार फौजी ओर परेशान किसान गोवर्धन कुमावत ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को मांगपत्र सौंपकर टूटी हुई नाली का निर्माण अति शीघ्र करवाने की मांग की है मांग पत्र मे लिखा है।

# नगवाड़ा सरपंच ने शुरू किया 'ग्राम पंचायत आपके द्वार' अभियान

## घर-घर जाकर लोगो से पूछ समस्याएं रहे हैं सरपंच मनोज लोरा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत नगवाड़ा सरपंच एडवोकेट मनोज लोरा ने बुधवार को 'ग्राम पंचायत आपके द्वार' अभियान की शुरुआत की। ये अभियान 2 माह तक चलेगा। इस अभियान के तहत सरपंच मनोल लोरा घर-घर जाकर ग्रामीणों से समस्याएं पूछ रहे हैं। सरपंच लोरा ने बताया कि वे स्वयं प्रत्येक घर में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं। अभियान के तहत वे सरकारी योजनाओं से वंचित रहे परिवारों को चिह्नित भी कर रहे हैं।

सरपंच ने बताया कि जनप्रतिनिधि जब चुनावों के समय वोट मांगने घर-घर जा सकते है तो फिर चुनाव जीतने के बाद लोगो की समस्याएं सुनने के लिए उनके घर भी जाना



चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्राम कमेटी का गठन किया गया है जिसमें सरपंच, वार्ड पंच, रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी व पूर्व जनप्रतिनिधि शामिल है। इस अभियान की मॉनिटरिंग सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक व पंचायत सहायक की कौर कमेठी कर रही है।

# स्कूल 10वीं तक और अध्यापक पांचवी तक के

- चंदे से पढ़ रहे हैं बोर्ड परीक्षार्थी
- गांव वाले चन्दा इकट्ठा कर पढ़ा रहे है बच्चों को, ताकी सुधर सके इनका भविष्य

लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय माध्यमिक विद्यालय नृसिंह बासनी में मंगलवार को बालिका पढाओं कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा 20 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। सरपंच दौलत राम रावल ने बताया की राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवीं की 20 छात्राओं को साईकल वितरण की गई। छात्राएं साईकिल लेकर फिर भी मायूस नजर आई। छात्राओं का कहना है कि सात आठ महीने पहले हमारा स्कूल आठवीं तक थी, जो ग्राम वासियों की काफी सालों से मांग के बाद अब दसवीं में क्रमोन्नत कर दी, लेकिन शिक्षा विभाग सैकेंड ग्रेड अध्यापकों की यहा नियुक्ती भूल गया। इससे कई नामांकन स्कूल से टूट रहे हैं। छात्र-छात्राओं का कहना है वह हमारे पहले से करोना वायरस की वजह से 2 साल से पढ़ाई खराब हो रखी है और सामने आ रही बोर्ड की परीक्षाएं भी इस वजह से सभी छात्र छात्राओं ने टीचर स्कूल में लगाने को लेकर मांग की है। इधर ग्राम वासियों ने अपने जेब से पैसे इकट्ठे कर दो टीचर लगाए हुए हैं, जिनकी पगार 2 महीने से गांव वासी दे रहे हैं। ग्राम वासियों का भी कहना है हम कब तक अपनी जेब से पैसे देकर टीचर लगाएंगे सरकार से अनुरोध है जल्द से जल्द स्कूल में अध्यापकों की व्यवस्था की जाए।

# एसडीएम शर्मा का किया अभिनन्दन



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2022 में प्रभारी मंत्री एवं जिला कलक्टर नागौर के द्वारा उपखण्ड अधिकारी रियांबड़ी गौरीशंकर शर्मा को सम्मानित करने एवं प्रशासन गाँवो के संग अभियान में बेहतर प्रबंधन के उपलक्ष्य में सम्मानित होने पर रियांबड़ी पटवार संघ एवं तहसील कार्यालय स्टॉफ द्वारा बुधवार को रियांबड़ी उपखण्ड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा की शान में संम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एस डी एम गौरीशंकर शर्मा को राजस्थानी परम्परा नुसार माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। उल्लेखनीय है कि समारोह के आयोजन हेतु वर्तमान पटवार संघ अध्यक्ष प्रियदर्शी पचार एवं पूर्व पटवार संघ अध्यक्ष महेश मीणा ने बखूबी भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सही दिशा दी । इस अवसर पर रामकिशोर जांगिड़ तहसीलदार रियांबड़ी, घासीराम नायब तहसीलदार, जीवनराम सहित राजस्व विभाग के हाकम व अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा से समाज का सर्वांगीण विकास संभव : सीबीईओ

## दायमा के स्थानांतरण पर हुआ विदाई समारोह का आयोजन



जुगल दायमा

**हरसौर( डेली न्यूज नागौर ) :** निकटवर्ती ग्राम लुनियास के राउमावि में द्वितीय श्रेणी शिक्षक विनोद कुमार दायमा के किशनगढ़ स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा साफा माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सीबीईओ गोवर्धनराम डूडी ने कहा कि शिक्षा समाज के अनमोल धरोहर है। शिक्षा के बिना समाज का सर्वागीण विकास संभव नहीं है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं तथा राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर सीबीईओ गोवर्धनराम डूडी, प्रधानाध्यापक रामनिवास चौधरी, प्रधानाध्यापक चांदारुन मनसुखराम,शिक्षक संघ उपाध्यक्ष धनाराम टाडा, रामनिवास कड़वा, किशनाराम, मोतीराम रिणवा, मूलाराम, सुरेशचंद, ओमप्रकाश दायमा, पुष्पा नानकानी,रिछपाल लौरा, व्याख्याता बाबूलाल मुवाल,अभिषेक चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का हुआ समापन

## लॉयन दलपत सिंह रुणीजा के सौजन्य से आयोजित शिविर में 35 मरीजों के हुए नि:शुल्क ऑपरेशन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में लॉयन दलपत सिंह रुणीजा के सौजन्य द्वारा रिंयावाला नेत्र चिकित्सालय में आयोजित नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर में 35 मरीजों का नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन सफलतम रूप से सम्पन्न हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर के समापन समारोह के अवसर पर क्लब परिवार द्वारा भामाशाह दलपत सिंह व डॉक्टर लुकमान का शॉल व माला द्वारा अभिनंदन किया गया, साथ ही डॉक्टर लुकमान व उनकी पूरी टीम को इस शिविर में उनके सहयोग के लिए मोमेंटो देकर उनका आभार व्यक्त किया। क्लब सचिव लॉयन मुकेश डालुका ने कार्यक्रम के अतिथि भामाशाह दलपत सिंह रुणीजा, कुचामन विकास समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश काबरा, राजकीय अस्पताल से डॉक्टर प्रह्लाद बाज़ियाँ, डॉक्टर शकील अहमद, डॉक्टर लुकमान व उपस्तिथ अन्य लॉयन साथी, हॉस्पिटल स्टॉफ़, लाभान्वित मरीजों व उनके परिजनों का अभिनंदन कर मरीज़ों के जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की कामना की। डॉक्टर लुकमान ने मरीज़ों को आवश्यक सावधानी व दवाई लेने की विधि सम्बन्धी जानकारी दी। कुचामन विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश क़ाबरा ने क्लब के सेवा कार्य की सराहना की। शिविर संयोजक लॉयन मनोहर पारीक द्वारा कार्यक्रम में पधारे व्यक्तियों का समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। मंच संचालन लॉयन सुभाष रांवका द्वारा किया गया। इस अवसर सचिव लॉयन सुभाष राँवका, लॉयन मनोहर पारीक, लॉयन सीए मुकेश डालुका, लॉयन नरेंद्र शर्मा, लॉयन नरेश जैन, लॉयन श्याम सुंदर सेनी, लॉयन नंदकिशोर अग्रवाल, लॉयन मनमोहन अग्रवाल, भँवर सिंह कम्पाउन्डर, दीपक देवतवाल, पंकज शर्मा, हॉस्पिटल स्टाफ़ व नोबल स्कूल के स्टूडेंट्स आदि का सहयोग रहा।

# ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित एक निजी सीमेंट कम्पनी के तत्त्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों पर टीम द्वारा जाकर उन्हें कम लागत में बेहतरीन निर्माण कार्य करने के ट्रिक बताए गए। कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को ग्राम पंचायतों के ।सरपँच-ग्रामसेवक व जनप्रतिनिधियों को सीमेंट कम्पनी द्वारा आमंत्रित कर उन्हें तकनीकी सेवाओ के बारे मे बताया व ग्रामीण क्षेत्र में सीमेंट से व्यापारिक रूप से जुड़ने के बारे में जानकारियां दी गई ।इसके अलावा केनोपी से आम जन में जागरूकता लाई गई व कंस्ट्रक्शन मेले का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर सदानन्द शर्मा तकनीकी हैड जोधपुर, दीपक दाधीच मार्केटिंग ऑफिसर, प्रदीप कुमावत तकनीकी अधिकारी, डीलर गोपाल खंडेलवाल, सरपँच सुधीर चौटिया, सरपँच मूलसिंह राठौड़, राधेश्याम, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो महिलाओं को किया शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर इलाके से दो महिला को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बुधवार दोपहर को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिला को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। खींवसर थानाधिकारी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि दोनों महिला बाहर के राज्य की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रेम नगर इलाके से कार्रवाई करते हुए दोनों महिला से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं देने व बाहर के राज्य की होने के कारण दोनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस के कार्यवाही के चलते एकबारंगी क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। खींवसर पुलिस ने इसी इलाके में एक पखवाड़े के बाद दूसरी कार्रवाई हैं।

# ख्वाजा के 810वें उर्स में चादर लेकर रवाना हुए अकीदतमंद

जुगल दायमा

**हरसौर( डेली न्यूज नागौर ) :** सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 810वें उर्स में शामिल होने के लिए कस्बे से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग अजमेर शरीफ चादर लेकर रवाना हुए। कस्बे के सदर बाजार,बस स्टैंड, आदर्शनगर बाईपास होते हुए गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शरीक हुए। इस अवसर पर पूर्व सदर सुलेमान मौलाना, सरपंच जाकिर हुसैन, समाजसेवी सुल्तान मोहम्मद, सलीम मोहम्मद, अब्दुल गफ्फार मो. रजाल, निवाजी खान, मजीत अली, अजीज खान, अजीज मोरजाल, गुलजार मोरजाल सहित बड़ी संख्या में अकीदतमन्द मौजूद रहे।



# उपनिदेशक पशुपालन विभाग का विदाई समारोह सम्पन्न



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** उपनिदेशक पशुपालन विभाग का विदाई समारोह लाडनूँ पशु चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ। नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि उपनिदेशक डॉ. सीआर मेहरड़ा का समारोह अतिरिक्त निदेशक डॉक्टर प्रफुल्ल माथुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डॉ.सीआर मेहरड़ा का उप निदेशक पद से सयुक्त निदेशक गोपालन विभाग जयपुर के पद पर पदोन्नति होने पर लाडनू क्षेत्र के सभी पशु चिकित्सक एवं पशुधन सहायकों द्वारा मेहरड़ा का हार्दिक स्वागत राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय लाडनू में किया गया।

# बजट सत्र से पूर्व अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के कई प्रस्ताव मुख्यमंत्री व मंत्रियों को दिए

एजाज़ अहमद उस्मानी

मेड़ता रोड(नागौर डेली न्यूज) : 15वीं विधानसभा का सातवां सत्र (चतुर्थ बजट सत्र) कल 9 फरवरी 2022 से शुरू होने जा रहा है। इससे पूर्व, अपने विधानसभा क्षेत्र मेड़ता के विकास कार्यों को लेकर विधायिका इंदिरा बावरी ने कई प्रस्ताव मुख्यमंत्री व मंत्रियों को दिए। विधानसभा क्षेत्र वासियों की मांगों के अनुसार मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व सड़कों के सुदृढ़ीकरण, चौड़ाईकरण तथा मिसिंग लिंक सड़क निर्माण के कार्य के प्रस्ताव तथा ग्राम पंचायत मेड़ता रोड को नगर पालिका बनाए जाने व नगर पालिका मेड़तासिटी में सीवरेज लाइन डालने तथा ग्रामीण क्षेत्र में राजकीय परिवहन सेवा चालू करने सहित अनेक विकास कार्यो के प्रस्ताव दिए गए। उन्होंने कहा कि मैं मेड़ता के विकास में हमेशा तत्पर रहूंगी तथा मेड़ता के विकास के लिए हर मुद्दे पर बोलते हुए सदन के माध्यम से राज्य सरकार को अवगत कराऊंगी तथा मेड़ता क्षेत्र के विकास को कराने का मेरा हमेशा प्रयास रहेगा । उन्होंनेक्षेत्र वासियों से अपील की है कि क्षेत्र में विकास से संबंधित कोई कार्य हो तो मुझे समय पर अवगत कराएं ताकि मैं आपकी बात को विधानसभा सदन के माध्यम से राज्य सरकार तक पहुंचा सकूं।

### शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ये दिए प्रस्ताव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेड़तासिटी को पीएमओ (100 बेड) में क्रमोन्नत करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेड़तारोड़ व जसनगर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने, ग्राम पंचायत मुख्यालय जारोड़ा व लांबा जाटान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, उपखंड मुख्यालय रियांबड़ी पर राजकीय महाविद्यालय खोलने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोटन में साइंस फैकल्टी तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांबा जाटान में आर्ट्स फैकेल्टी खोलने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा, इन्दावड़, पादुकला, जसनगर व रेन में कृषि संकाय खोलने, राजकीय विद्यालय क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव, राजकीय प्राथमिक विद्यालय धोलेरा खुर्द, गुर्जरों की ढाणी लांपोलाई, समदोलाव कलां व कालेटड़ा को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भुरियासनी, डूकिया व करकवाल बासनी को राजकीय माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय मोकलपुर को माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत राजकीय माध्यमिक विद्यालय जैजासनी को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव दिए हैं।

### सड़क व पुलिया के ये प्रस्ताव दिए



मेड़ता सिटी गोटन आसोप सड़क का सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण 38 किलोमीटर, डोडियाना रियांबड़ी जसवंताबाद लिलिया फालकी कुरड़ाया बीटन सड़क का सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण 62 किलोमीटर, लांपोलाई से लाडवा फांटा वाया कंवरियाट, माणकियास, जड़ाऊ भेंसड़ा कलां सड़क का सुदृढ़ीकरण व चौड़ाई करण 18 किलोमीटर, छापरी ढावा बुटाटी सड़क का शुद्धिकरण व चौड़ाईकरण 14 किलोमीटर, खाखड़की गेमलियास समदोलाव डूकिया चुंदिया चावण्डिया सड़क का सुदृढ़ीकरण, चौड़ाईकरण व मिसिंग लिंक सड़क निर्माण 22 किलोमीटर, उंचाइरड़ा फांटा से उंचाइरड़ा भुरियासनी कात्यायनी चुंदिया श्यामपुरा रासलियास नेतड़िया सड़क का सुदृढ़ीकरण चौड़ीकरण व मिसिंग लिंक सड़क निर्माण 29 किलोमीटर, मेड़तारोड जारोड़ा बुटाटी सड़क के मेड़तारोड़ जंक्शन के पास रेलवे क्रॉसिंग पर पुलिया निर्माण कार्य, स्वायत शासन विभाग से संबंधित प्रस्ताव के लिए ग्राम पंचायत मेड़ता रोड़ को नगरपालिका बनाए गए जाने का प्रस्ताव, नगर पालिका मेड़ता सिटी के पालिका क्षेत्र में सीवरेज लाइन डालने का कार्य प्रमुख हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com